29.07.24

Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - अनुच्छेद लेखन

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम हिन्दी व्याकरण के पाठ्यक्रम से संबंधित 'अनुच्छेद लेखन' के विषय में पढ़ेंगे।

किसी भाव या विचार को व्यक्त करने के लिए लिखे गए सम्बद्ध और छोटे वाक्य-समूह को अनुच्छेद लेखन कहते हैं। दूसरे शब्दों में किसी घटना, दृश्य अथवा विषय को कम शब्दों में परन्तु अर्थ पूर्ण ढंग से जिस लेखन शैली में लिखा जाता है, उसे अनुच्छेद लेखन कहते हैं।

अनुच्छेद लिखते समय बच्चे अपनी बात को कम से कम शब्दों में कहने का प्रयास करें। एक ही बात को बार-बार न दोहराएँ। सभी बच्चे शब्द सीमा को ध्यान में रखकर ही अनुच्छेद लिखें। अनुच्छेद में वाक्य छोटे परन्तु अर्थपूर्ण होने चाहिए। सभी बच्चे अनुच्छेद लिखने से पहले दिए गए विषय को ध्यान से पढ़े और मन में ही उसकी रूपरेखा तैयार करें।

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण

बच्चो ! अब इन बातों को ध्यान में रखकर ही हम एक अनुच्छेद लिखेंगे।

## मेरा घर

- मेरा घर चण्डीगढ़ में स्थित है।
- यहाँ मेरे माता-पिता और भाई-बहन रहते हैं।
- मेरे घर में कुल पाँच कमरे हैं।
- सभी कमरे खुले व हवादार हैं।
- मेरी बहन और मेरे लिए अलग कमरा है।
- घर के आँगन में एक आम का पेड़ है।
- मेरी माँ घर को बहुत साफ़ रखती हैं।
- मेरे घर में एक पूजाघर भी है
- घर के सामने एक छोटा-सा बगीचा है जिसमें बहुत सारे गमले रखे हैं।

मेरे घर की छत बहुत बड़ी है।

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण

- घर में हमारी ज़रूरत की सभी सुविधाएँ है।
- मैं अपने घर में रहकर सुरक्षित और अच्छा महसूस करता हूँ।
- मेरे घर में सब प्यार से रहते हैं।
- मुझे अपना घर बहुत प्रिय है।

गृहकार्य

सभी छात्र ऊपर दिए अनुच्छेद को अपनी-अपनी व्याकरण की कॉपी में लिखेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]